# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम. - जी )

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य

**2023–24**

जांच सत्रीय कार्य की अवधि -1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024

**चतुर्थ सत्र**


प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम. - जी )

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -138: लागत लेखांकन

## सत्रीय कार्य 2023—24

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2024 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2024 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 अक्टूबर 2024 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -138** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **लागत लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -138 / टी. एम. ए./ 2024** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड - क**

1. लागत लेखांकन की परिभाषा दीजिये । इसके मुख्य उद्देश्य बताइए । (10)

2. निम्नलिखित लेन - देन के आधार पर दो पद्धतियों i) FIFO और ii) LIFO का इस्तेमाल करते हुये पृथक भण्डारण लेखा खाते तैयार करिये । (10)

| | | | |
|---|---|---|---|
| जनवरी 1 | प्रारंभिक बैलेंस | 100 इकाइयाँ | @ रु. 5 प्रति |
| जनवरी 5 | प्राप्त | 500 इकाइयाँ | @ रु. 6 प्रति |
| जनवरी 30 | निकास | 300 इकाइयाँ | |
| फ़रवरी 5 | निकास | 200 इकाइयाँ | |
| फ़रवरी 6 | प्राप्त | 500 इकाइयाँ | @ रु. 5 प्रति |
| मार्च 10 | निकास | 300 इकाइयाँ | |
| मार्च 12 | निकास | 250 इकाइयाँ | |

3. श्रमिक आवर्त (Labour Turnover) क्या है ? बताएं कि श्रमिक आवर्त के प्रमुख कारण क्या हैं ? (10)

4. उपरिव्यय की परिभाषा दीजिये । उपरिव्ययों के वर्गीकरण करने की विभिन्न विधियाँ क्या हैं ? कार्य अनुसार वर्गीकरण का विवेचन कीजिये । (10)

5. नीचे दिए गये उपरिव्यय खर्चो को वसूलने के लिये मशीन घंटा दर की गणना कीजिये । (10)

| | प्रति घंटा | प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| बिजली शक्ति | 75 PS | |
| भांप | 10 PS | |
| पानी | 2PS | |
| मरम्मत | | रु. 530 |
| किराया | | रु. 270 |
| परिचालन घंटे | | |
| रु. 2000 | | |
| मूल लागत | रु. 12,500 | |
| बुक कीमत | रु. 2, 870 | |
| प्रतिस्थापन कीमत | रु. 11, 500 | |

| | | |
|---|---|---|
| अवमूल्यन | $7\frac{1}{2}$ % | |
| संकेत : (अवमूल्यन की गणना मूल लागत पर की जाएगी) | | |

**खंड - ख**

6. प्रशासनिक उपरिव्ययों के अवशोषण की विभिन्न पद्धतियां समझाइये । आप कौन सी पद्धति पसंद करेंगे ? कारण दीजिये । (6)

7. इकाई लागत निर्माण विधि की परिभाषा दीजिये । वे उद्योग बताइये जिनमें लागत लेखों की इस विधि का प्रयोग किया जाता है । (6)

8. उत्पादन आदेश के उपयोग का वर्णन कीजिए और उसका नमूना दीजिए। (6)

9. ठेका लागत निर्धारण विधि उपकार्य लागत निर्धारण विधि से किस प्रकार भिन्न है ? (6)

10. प्रक्रिया लागत निर्धारण विधि की मुख्य विशेषताएं बताइये और इसकी कार्य विधि बताइये। (6)

**खंड - ग** (10)

11. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिये: (10)

क) लागत लेखांकन और वित्तीय लेखांकन

ख) प्रत्यक्ष व्यय और अप्रत्यक्ष व्यय

ग) केंद्रीकृत क्रय और विकेंद्रीकृत क्रय

घ) न्यूनतम स्टॉक सीमा और अधिकतम स्टॉक सीमा

12. निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणियाँ लिखिए: (10)

क) लागत विवरण

ख) समय लेखन

ग) जॉब लागत निर्धारण

घ) सेवा लागत निर्धारण